बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड

(बिहार सरकार का उपक्रम)

(निबंधित कार्यालयः विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)

राज्य भार प्रेषण केन्द्र

सार्वजनिक सूचना

जन प्रतिक्रिया के संबंध में अनुरोध

1. राज्य भार प्रेषण केन्द्र (एस0 एल0 डी0 सी0), सभी हितधारकों एवं आम जन **को** सूचित करता है कि उसने वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए सहीकरण (Truing up), वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए वार्षिक समीक्षा तथा वित्तीय वर्ष 2025–26 **से 2027.28** के लिए दायर ए.आर.आर. (ARR) एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु एस0 एल0 डी0 सी0 टैरिफ के लिए बिहार विद्युत विनियामक आयोग के समक्ष बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा अधिसूचित मल्टी ईयर ट्रांसमिशन टैरिफ एवं एस0 एल0 डी0 सी0 चार्ज विनियम के अंतर्गत याचिका दायर की है। माननीय आयोग ने याचिका को केस संख्या **28/2024** की तहत अभिलेख पर दर्ज कर लिया है।

2. **15.11.2024 को** दायर याचिक का संक्षिप्त रूप निम्न प्रकार से है :–

टैरिफ याचिका का सारांश

(रू0 करोड़ में)

क्रम सं0	खर्च की विवरणी	वित्तीय वर्ष 2023–24 (वास्तविक) सहीकरण		वित्तीय वर्ष 2024–25 (अनुमानित) वार्षिक समीक्षा		नियंत्रण अवधि के लिए प्रक्षेपण		
		टैरिफ आदेश दिनांक 21.03.2023 में अनुमोदित	वित्तीय वर्ष 2023–24 के सहीकरण में दावा	टैरिफ आदेश दिनांक 01. 03.2024 में अनुमोदित	वित्तीय वर्ष 2024–25 के वार्षिक समीक्षा का संसोधित अनुमान	वित्तीय वर्ष 2025–26	वित्तीय वर्ष 2026–27	वित्तीय वर्ष 2027–28
1	पूंजीगत व्यय	0.04	40.72	6.72	10.44	0.00	0.00	0.00
2	पूंजीकरण	0.04	6.46	6.72	44.70	0.00	0.00	0.00
3	कर्मी लागत	6.91	6.36	6.94	6.71	7.07	7.46	7.87
4	मरम्मती एवं अनुरक्षण का लागत	2.46	2.83	2.51	8.94	9.67	9.62	12.32
5	प्रशासनिक एवं सामान्य व्यय	0.70	1.04	0.68	1.12	1.20	1.29	1.39
6	ह्रास	2.74	1.99	8.03	5.82	9.17	9.17	9.17
7	ऋण पूंजी पर ब्याज	0.06	0.35	2.38	1.55	2.25	1.46	0.68
8	इक्विटी पर लाभ	0.48	0.75	2.67	2.19	3.11	3.11	3.11
9	कार्यशील पूँजी पर ब्याज	0.29	0.31	0.44	0.61	0.57	0.57	0.64
10	गैर शुल्क सूची	0.49	0.12	0.48	0.12	0.12	0.12	0.12

	आय							
11	**कुल व्यय**	**13.15**	**13.50**	**23.16**	**26.81**	**32.93**	**32.58**	**35.05**
12	जोड़कर:– पहले के वर्षों का राजस्व अंतर /रखाव लागत लेकर	0.22	0.22	(2.38)	(2.38)	0.42	0.00	0.00
13	**नेट राजस्व की आवश्यकता**	**13.37**	**13.72**	**20.78**	**24.43**	**33.35**	**32.58**	**35.05**
14	घटाकर :– एस0 एल0 डी0 सी0 शुल्क प्राप्त	--	13.37	---	20.78	-	-	-
15	**राजस्व अंतर / अधिशेष**	**0.00**	**0.35**	**0.00**	**3.65**	-	-	-

3. कण्डिका संख्या 1 में वर्णित टैरिफ याचिका की प्रतियाँ **मुख्य अभियंता (सिस्टम ऑपरेशन), बिहार स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, चतुर्थ तल, विद्युत भवन–1, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना– 800021** के कार्यालय में रूपया 500/– के भुगतान पर उपलब्ध रहेगी। टैरिफ याचिका बेवसाइट www.bsptcl.in/www.berc.co.in पर भी उपलब्ध है एवं वहाँ से तलभारित की जा सकती है।
4. इच्छुक व्यक्ति टैरिफ याचिका का नि:शुल्क निरीक्षण/ अवलोकन कार्यालय अवधि के दौरान उपरोक्त कार्यालय में कर सकते है। उपरोक्त टैरिफ याचिका पर आपत्ति/सुझाव, यदि कोई हो तो सहायक दस्तावेज के साथ **सचिव, बिहार विद्युत विनियामक आयोग, भूतल, विद्युत भवन–2, बेली रोड, पटना–800021 को व्यक्तिगत अथवा निबंधित डाक से दिनांक 29/01/2025 तक या उसके पहले** समर्पित किया जा सकता है।उपरोक्त आपत्ति/सुझाव की एक प्रति **मुख्य अभियंता (सिस्टम ऑपरेशन), एस0 एल0 डी0 सी0, विद्युत भवन–1, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800021** को भी निश्चित तौर पर उपलब्ध करायी जाए तथा उक्त सेवा का साक्ष्य सचिव, बिहार विद्युत विनियामक आयोग के समक्ष की जाने वाली दाखिल याचिका के साथ संलग्न करें।
5. उपरोक्त आपत्ति/सुझाव आपत्तिकर्त्ताओं के पूरा नाम तथा डाक पता के साथ छ: प्रतियों में समर्पित की जायेगी। अगर, किसी संगठन अथवा उपभोक्ताओं की श्रेणी द्वारा आपत्ति दर्ज करायी गयी है तो उक्त तथ्य का उल्लेख आपत्ति/सुझाव पर किया जाना चाहिए।
6. माननीय बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने यह भी सूचित किया है कि वह 19.02.2025 को सुबह 11:30 बजे पटना स्थित अपने न्यायालय कक्ष में मामले में सार्वजनिक सुनवाई करेगा।

स्थान : पटना
तिथि : 03.01.2025

एस0 एल0 डी0 सी0 के लिए

मुख्य अभियंता (सिस्टम ऑपरेशन)
बिहार स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड
विद्युत भवन–1, बेली रोड, पटना